Series : WXY4Z

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **74**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# छापा-चित्रकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# GRAPHICS (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **30***



**754**

**सामान्य निर्देश :**

**खण्ड – अ** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है)

**खण्ड – ब** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है)

**खण्ड – स** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है)

## खण्ड – अ

1. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) मूर्तिकार ने गणेश की इस पारम्परिक आकृति में एक बिलकुल असामान्य व्यवहार किया है। माध्यम के रूप से इस्तेमाल की गई वस्तुओं का नाम बताइये। **1**

(A) पीतल और बाँस

(B) ताँबा (ऑक्सीडाइज) तार और टिन

(C) एल्युमिनियम और लकड़ी

(D) लौह और लकड़ी

(ii) **अभिकथन (A) :** "चाँद बीबी चौगान खेलते हुए" चित्र में औरतों को अलग-अलग रंग के सुन्दर-सुसज्जित घोड़ों पर आरूढ़ दिखाया गया है। **1**

**कारण (R) :** "कैनवस पर तैलीय" रंग को माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने के कारण इस चित्र के रंग इतने चमकदार हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा(R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है पर (R) गलत है।

(D) (A) गलत है तथा (R) सही है।

**General Instructions :**

| | |
|---|---|
| **Section – A** | Attempt **all** questions (Each Question carries **1** mark) |
| **Section – B** | Attempt **all** questions (Each Question carries **2** marks) |
| **Section – C** | Attempt any **two** questions (Each Question carries **6** marks) |

## SECTION – A

1. Select the right answer from the given options :

(i) The sculptor has given a completely unusual treatment to this traditional figure of Ganesha. Mention the name of medium used in this sculpture. **1**

(A) Brass and bamboo

(B) Copper (oxidized), wire and tin

(C) Aluminium and wood

(D) Iron and wood

(ii) **Assertion (A)** : The painting "Chand Bibi Playing Polo" depicts women mounted on beautifully decorated horses of different colours. **1**

**Reason (R)** : The different bright colours are due to the use of 'oil on canvas' as a medium for this painting.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false and (R) is true.

(iii) रागमाला शृंखला से मेवाड़ शैली के चित्र में राजकीय युगल का प्यार और समर्पण किसने चित्रित किया ? **1**

(A) दाना (B) साहिबदीन

(C) गुमन (D) नूरुद्दीन

(iv) यह चित्र दो महान सूफी हस्तियों का चित्रण है जो दक्खिन की किस उप-शैली से संबंधित है ? **1**

(A) गोलकुण्डा (B) हैदराबाद

(C) अहमद नगर (D) काँगड़ा

(v) आपके पाठ्यक्रम में शामिल किस कलाकार ने सम्राट के पालतू बाज के प्रति प्यार को बड़ी खूबसूरती से चित्रित किया है ? **1**

(A) हाजी मदनी (B) उस्ताद फकीरउल्लाह खान

(C) उस्ताद मंसूर (D) मिसकीन

(vi) कलाकार ने अपनी किस कलाकृति में मानवीय जीवन की प्रतिछाया को एक ऊँट के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया है ? **1**

(A) शिव-सती (B) मेघदूत

(C) राधिका (D) यात्रा का अंत

(vii) **अभिकथन (A) :** राजस्थानी कला भारतीय पारम्परिक कला का एक संशोधित एवं शुद्ध रूप है ।

**कारण (R) :** राजपूत शासकों के अधीन हिन्दी साहित्य, संगीत, कविता, धर्म, राग-रागिनी जैसे विषयों पर चित्र बनाए गए । **1**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, पर (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, पर (R) सत्य है ।

(viii) आपके पाठ्यक्रम में शामिल किस छापा चित्रकार ने पूजा की शक्ति तथा कुण्डलिनी की छुपी हुई शक्ति को अपने छापाचित्र में दिखाया है ? **1**

(A) कृष्णा रेड्डी (B) अनुपम सूद

(C) ज्योति भट्ट (D) सोमनाथ होरे

(iii) The painting of Mewar School from Ragmala series shows love and devotion of Royal couple is painted by **1**

(A) Dana (B) Sahibdin

(C) Guman (D) Nuruddin

(iv) The painting is a depiction of two great Sufi personalities belong to which Deccan Sub School ? **1**

(A) Golconda (B) Hyderabad

(C) Ahmad Nagar (D) Kangra

(v) Which artist from your syllabus has shown the fondness of emperor for his pet Falcon beautifully ? **1**

(A) Haji Madni (B) Ustad Faquirullah Khan

(C) Ustad Mansoor (D) Miskin

(vi) The artist tried to show a reflection of human life through a camel in which piece of artwork ? **1**

(A) Shiv-Sati (B) Meghdoot

(C) Radhika (D) Journey's End

(vii) **Assertion (A)** : Rajasthani Art was refined and purified form of Indian Traditional Art. **1**

**Reason (R)** : Painting based on Hindi Literature, Music, Poetry, Religion, Rag-Ragini, etc. were made under Rajput rulers.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false and (R) is true.

(viii) Which print maker has shown the power of worship and the hidden power of Kundalini in a print from your syllabus ? **1**

(A) Krishna Reddy (B) Anupam Sud

(C) Jyoti Bhatt (D) Somnath Hore

## खण्ड – ब

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

इन प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित हैं।

2. (a) आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र में ग्रामीण महिलाओं को भारतीय भोजन में खाए जाने वाले आम मसाले को पीसते हुए दिखाया है। **2**

- चित्र की पहचान कर चित्र का नाम व कलाकार का नाम बताएँ।
- उपरोक्त कथन के आधार पर चित्र की दो सौन्दर्यात्मक विशेषताएँ बताएँ।

**अथवा**

(b) आपके पाठ्यक्रम में शामिल "अमरनाथ सहगल" द्वारा बनाए गए मूर्तिशिल्प को पहचानें व मूर्तिशिल्प का नाम बताते हुए उसमें दर्शाये गए मुख्य भाव का वर्णन करें। **2**

3. (a) अकबरकालीन मुगल लघु चित्रकला के इस चित्र का विषय हरिवंश पुराण से लिया गया है। **2**

- कलाकार का नाम व चित्र का नाम बताइये (आपके पाठ्यक्रम से)
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन करें।

**अथवा**

(b) मुगल लघुचित्र कला जहाँगीर के शासन काल के दौरान सबसे अधिक फली-फूली ? अपने विचारों के आधार पर आपके पाठ्यक्रम में शामिल इस समय के एक चित्र की व्याख्या करें। **2**

4. (a) राधा (बनी-ठनी) की सराहना करें कि एक महिला की सुन्दरता को दर्शाने में कलाकार कितने सफल रहे हैं ? **2**

**अथवा**

(b) रामायण से लिए गए राजस्थानी शैली के इस चित्र में एक दृश्य में बहुत सारे दृश्य दर्शाये गए हैं। **2**

- चित्र को पहचान कर चित्र का नाम व कलाकार का नाम लिखें।
- चित्र की विषय-वस्तु लिखें।

## SECTION – B
### (Short Answer Type Questions)

Answer for these questions is expected in around **100** words.

2. (a) This painting from your syllabus beautifully shows a group of rural women involved in grinding a common spice used in Indian food. **2**

   - Identify and mention the name of the artist and painting.
   - On the basis of above statement, describe 2 aesthetic features of this painting.

**OR**

   (b) Identify and appreciate the emotions which are dominant in the sculpture made by "Amar Nath Sehgal" from your syllabus with special reference to the name of the sculpture. **2**

3. (a) Theme of this Mughal Miniature painting from Akbar period has been taken from Harivamsa Puran. **2**

   - Mention the name of artist and painting from your syllabus.
   - Explain the compositional arrangement.

**OR**

   (b) Mughal miniature flourished most during the rule of Jahangir. Elaborate with your point of view by describing one painting belonging to his period from your course of study. **2**

4. (a) Appreciate the painting Radha (Bani Thani). How successful have been the artist in showcasing the beauty of woman ? **2**

**OR**

   (b) This Rajasthani School painting depicts a scene from Ramayana where various episodes have been shown in a single scene. **2**

   - Identify and name the painting, also mention its artist.
   - Write its subject matter.

5. (a) आपके पाठ्यक्रम में शामिल पहाड़ी लघु-चित्र शैली के उस चित्र को पहचान कर चित्र व कलाकार का नाम बताएँ जिसमें भगवान कृष्ण को महिलाओं के समूह के साथ खड़े हुए दिखाया है व चित्र की सौन्दर्यात्मक विशेषताओं का वर्णन करें। **2**

**अथवा**

(b) संयोजन व्यवस्था के आधार पर 'नंद, यशोदा और कृष्ण, संबंधियों के साथ वृंदावन जाते हुए' चित्र की व्याख्या करें। **2**

6. (a) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रंगों व चक्र की प्रतीकात्मकता पर लेख लिखें व यह भी बताएँ कि यह किस प्रकार भारतीयों में गौरव, एकता व समर्पण का भाव उजागर करता है ? **2**

**अथवा**

(b) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित "आदमी, औरत और वृक्ष" छापाचित्र के अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **2**

- छापा चित्रकार का नाम व विषय-वस्तु बताएँ।
- छापाचित्र की कोई दो सौन्दर्यात्मक विशेषताओं का वर्णन करें।

## खण्ड – स

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निम्न दिए विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इन प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित हैं।

7. राजस्थानी शैली के इस चित्र को केशवदास की कविता 'रसिकप्रिया' से लिया गया है जिसमें बारीक विस्तृत चित्रण है। यह चित्र दो भागों में विभाजित है जिसके दोनों ऊपरी व निचले भागों में कृष्ण को दिखाया गया है।

अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित इस चित्र को पहचान कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

- चित्र का नाम व चित्रकार का नाम लिखें। **2**
- चित्र की संयोजन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन रंगों के प्रयोग के माध्यम से करें। **2**
- राजस्थानी शैली की दो मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालें। **2**

5. (a) Evaluate the aesthetic qualities of the Pahari miniature in which Lord Krishna is surrounded by a group of women. In your answer, include the title and the name of artist, from your syllabus. **2**

**OR**

(b) On the basis of compositional arrangements, explain the painting, 'Nand, Yashoda and Krishna with kinsmen going to Vrindavan'. **2**

6. (a) Write a brief note on the use of colours and the symbolic meaning of chakra in our National Flag, and how they inspire a sense of pride, unity and dedication among all Indians. **2**

**OR**

(b) Analyze the graphic print "Man, Woman and Tree" from your syllabus and answer the following : **2**

- The name of its print maker and the subject matter.
- Highlight any 2 aesthetic features of this print.

## SECTION – C

## (Long Answer Type Questions)

Attempt any **two** questions from the given options :

Answer for these questions is expected in around **200** words.

7. It is an intricately detailed artwork belonging to 'Rasikapriya' poetry of Keshavdasa from Rajasthani school. The painting is divided into two parts, showcasing Krishna in both upper and lower part.

Identify this miniature from your syllabus and answer the following :

- What is the title and artist of this artwork ? **2**
- Describe the compositional arrangement in detail along with the aesthetic application of colours. **2**
- Highlight any 2 main features of Rajasthani school. **2**

8. मुगल शैली के इस शाही विवाह समारोह के दृश्य में प्रसन्नता–उल्लास दर्शाया है । पृष्ठभूमि पर चमकदार आतिशबाजी व शाही आकृतियों को सुसज्जित दिखाया गया है ।

चित्र को पहचानें व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

- चित्र का नाम व चित्रकार का नाम बताते हुए चित्र का विस्तृत वर्णन करें । **3**
- मुगल शैली की तीन विशेषताओं का उदाहरण सहित विस्तृत वर्णन करें । **3**

9. अपने पाठ्यक्रम में शामिल नीचे दिए गए छापाचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

- छापाचित्र में दिखाए गए भाव व एहसास जिसको आप अध्ययन के बाद महसूस करते हैं । **2**
- छापाचित्र का नाम व चित्रकार का नाम बताएँ । **2**
- छापाचित्र की आकृतियों व संयोजन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन करें । **2**



8. A Mughal school painting shows the happiness and excitement of a royal marriage procession, featuring richly decorated figures and bright fireworks in the background. Identify the painting and answer the following :

- Provide a detailed description of this painting, including its title and the artist name. **3**
- Describe in detail three characteristics of the Mughal School of painting with example. **3**

9. Carefully observe the below print and answer the following questions based on your course of study :

- Express in brief the feelings and emotions you derive after observing this graphic print. **2**
- Identify the print and name its printmaker and the title. **2**
- Elaborate on the compositional arrangement and use of figures in this print. **2**

